बना लो मुझे दास भोली माँ

सारी दुनिया ने ठुकराया मैं तेरे दर पे आया,
बना लो मुझे दास भोली माँ यही है अरदास भोली माँ,

चढ़ के कठिन चढ़ाई मैया तेरी चौकठ पाई,
लाल तेरा रो रो मर जायेगा जो न माँ तू आये,
मेरे पाँव पे पड़ गे छाले माँ तेरे खेल निराले,
बना लो मुझे दास भोली माँ यही है अरदास भोली माँ,

कभी सुना न देखा अपने बेटे से रूठी,
एक तेरा दरबार माँ सच्चा सारी दुनिया झूठी,
अँखियाँ प्यासी बरसन की माँ ला लगन दर्शन की,
बना लो मुझे दास भोली माँ यही है अरदास भोली माँ,

पल पल बात निहारु माता अब तो दर्श दिखाओ,
एक नजर करुणा की करदो करुणामई माँ आओ,
मैं तो दर्शन का प्यासा करे अमन की पूरी आशा,
बना लो मुझे दास भोली माँ यही है अरदास भोली माँ,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/7219/title/bna-lo-mujhe-daas-bholi-maa-sari-duniya-ne-thukaraya-main-tere-dar-pe-aaya

अपने Android मोबाइल पर [BhajanGanga]() App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |